भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 1036
उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

## आदर्श संस्कृत महाविद्यालय योजना

**†1036. श्री तेजस्वी सूर्या:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देशभर में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कौन-कौन सी योजनाएं लागू की गई हैं;
(ख) आदर्श संस्कृत महाविद्यालय योजना के उद्देश्य क्या हैं;
(ग) आदर्श संस्कृत महाविद्यालय योजना के अंतर्गत राज्य-वार, विशेषकर कर्नाटक में कितने विश्वविद्यालयों/संस्थानों को वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही है और कितनी सहायता प्रदान की जा रही है;
(घ) सरकार द्वारा इस योजना के आरंभ होने से लेकर अब तक कितने प्रस्ताव अनुमोदित किए गए हैं और कितने प्रस्ताव इस योजना के अंतर्गत सहायता हेतु सरकार के समक्ष लंबित हैं; और
(ङ.) क्या सरकार ने इसके लिए अनुमोदन प्रदान करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
(**डॉ. सुकान्त मजूमदार**)

(**क**) संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय योजनाओं का ब्यौरा अनुलग्नक-**I** में दिया गया है।

(ख) इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक संस्कृत शिक्षण और अनुसंधान को सहायता और बढ़ावा देना है। इसके अलावा, एनईपी-2020 की सिफारिशों के अनुरूप संस्कृत और संबद्ध शास्त्रों/विषयों में अंतर विषयक अध्ययन के माध्यम से संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने की संभावना तलाशी जा रही है। आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों और आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों को प्राक् शास्त्री/शास्त्री और आचार्य के स्तर पर पाठ्यक्रम संचालित करने, डॉक्टरेट/पोस्ट-डॉक्टरेट स्तर या दोनों पर अनुसंधान आयोजित करने या पांडुलिपियों और दुर्लभ पुस्तकों को संपादित करने और प्रकाशित करने, शोध आधारित प्रकाशन और शोध पत्रिकाएँ निकालने, ग्रंथों का संस्कृत से अन्य भाषाओं में अनुवाद करने और इसके विपरीत व्यक्तिगत रूप से या केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय या किसी अन्य संस्थान के सहयोग से कार्यशालाएँ/सेमिनार आदि आयोजित करने की अनुमति है।

(ग) इस योजना के तहत **26** आदर्श संस्थानों अर्थात देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित **22** आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों और **04** आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कर्नाटक में, एक संस्था अर्थात पूर्णप्रज्ञ संशोधन मंदिरम (आदर्श शोध संस्थान), डॉ. विश्वेशतीर्थ स्वामीजी मार्ग कतरीगुप्पा मेन रोड, बेंगलुरु, कर्नाटक-**560070** को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संस्थानों की सूची अनुलग्नक- **II** में दी गई है।

(घ) औए (ङ) योजना की शुरुआत से अब तक भारत सरकार द्वारा 26 प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है। योजना के संशोधन और इसकी अधिसूचना के फलस्वरूप, विभिन्न मूल संगठनों/संस्थाओं से 25 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों की स्वीकृति कई कारकों जैसे भूमि की उपलब्धता और उसका स्वामित्व, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकरण, कम से कम सात (07) वर्षों से संस्था के अस्तित्व का प्रमाण, पिछले तीन वर्षों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट आदि पर निर्भर करती है ।

*****

**<u>अनुलग्नक-I</u>**

**आदर्श संस्कृत महाविद्यालय योजना के संबंध में श्री तेजस्वी सूर्या द्वारा पूछे गए दिनांक 10.02.2025 के लोकसभा अतारांकित संख्या 1036 के उत्तर में अनुलग्नक।**

1. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (एएसएम)/आदर्श संस्कृत शोध संस्थान (एएसएसएस) के रूप में मान्यता प्राप्त संस्थानों को वित्तीय सहायता की योजना।
2. संस्कृत शिक्षण के लिए वित्तीय सहायता- पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/सरकारी विद्यालयों, चतुष्पदी और आवासीय छात्रवृत्तियों के लिए संस्कृत और आधुनिक विषय शिक्षकों की नियुक्ति के लिए।
3. पाली-प्राकृत योजना।
4. संस्कृत के संवर्धन के लिए कार्यक्रमों/गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता।
5. दुर्लभ पुस्तकों के प्रकाशन/पुनर्मुद्रण और पुस्तकों की थोक खरीद के लिए वित्तीय सहायता।
6. पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/संस्थानों के छात्रों के लिए "व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम" संचालित करने के लिए पंजीकृत शैक्षणिक संगठनों को वित्तीय सहायता।
7. संस्कृत/पाली/प्राकृत भाषाएँ पढ़ने वाले छात्रों को योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान करना।
8. अखिल भारतीय संस्कृत भाषण प्रतियोगिताएँ (अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा)।
9. शास्त्र चूड़ामणि- सेवानिवृत्त/प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्कृत विद्वानों की सेवाओं के उपयोग के लिए वित्तीय सहायता।
10. निर्धन परिस्थितियों में प्रख्यात संस्कृत पंडितों को सम्मान राशि के लिए वित्तीय सहायता।
11. संस्कृत शब्दकोश परियोजना, डेक्कन कॉलेज, पुणे।
12. अष्टादशी के तहत वित्तीय सहायता (संस्कृत के सतत विकास के लिए 18 परियोजनाएँ)।

**अनुलग्नक-II**

**आदर्श संस्कृत महाविद्यालय योजना के संबंध में श्री तेजस्वी सूर्या द्वारा दिनांक 10.02.2025 के लोकसभा अतारांकित क्रमांक 1036 के उत्तर में अनुलग्नक ।**

**(सहायता राशि रुपए में)**

| राज्य | ए.एस.एम./ए.एस.एस. का नाम | वित्त वर्ष **2022-23** | वित्त वर्ष **2023-24** | वित्त वर्ष **2024-25 (31.12.2024 तक)** |
|---|---|---|---|---|
| केरल | 1. कालीकट आदर्श संस्कृत विद्यापीठ पीओ-बालुसेरी, जिला-कोझिकोड, केरल-673612। | 19660329 | 29179584 | 20119503 |
| | 2. चिन्मय इंटरनेशनल फाउंडेशन (आदर्श शोध संस्थान), आदि शंकर निलयम वेलियानाड-पीओ, एर्नाकुलम, केरल-682313 | 7652686 | 14707959 | 6782359 |
| उत्तर प्रदेश | 3. रानी पद्मावती तारा योगतंत्र आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, इंद्रपुर (शिवपुर), वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221003 | 37112072 | 60507108 | 31044196 |
| | 4. श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, जिला. -मैनपुरी, उत्तर प्रदेश-205001 | 12184185 | 17491195 | 13477505 |
| | 5. श्री रंगलक्ष्मी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, वृन्दावन, मथुरा, उ.प्र.-281121. | 10058353 | 11635957 | 10345145 |
| हरियाणा | 6. हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ, डाकघर-बघोला, जिला-पलवल, हरियाणा-121102। | 16332106 | 25640557 | 17067647 |
| | 7. श्री दीवान कृष्ण किशोर एस.डी. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (लाहौर), अम्बाला कैंट, हरियाणा-133001। | 14501738 | 20981386 | 13194712 |
| बिहार | 8. राजकुमारी गणेश शर्मा संस्कृत विद्यापीठ, कोल्हांटा पटोरी, जिला-दरभंगा, बिहार-846003 | 16483622 | 22647610 | 16347151 |
| | 9. जगदीश नारायण ब्रह्मचर्याश्रम आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, लगमा-रामभद्रपुर, वाया-लोहना रोड, जिला-दरभंगा, बिहार- 847407 | 15468426 | 21360561 | 10026618 |
| | 10. डॉ. रामजी मेहता आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, मालीघाट, मुजफ्फरपुर, बिहार- | 24612433 | 37822252 | 24967529 |

| राज्य | ए.एस.एम./ए.एस.एस. का नाम | वित्त वर्ष **2022-23** | वित्त वर्ष **2023-24** | वित्त वर्ष **2024-25 (31.12.2024 तक)** |
|---|---|---|---|---|
| | 842001 | | | |
| | 11. श्री स्वामी परंकुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हुलासगंज, जिला-गया, बिहार-804407। | 22327615 | 20679900 | 13450624 |
| | 12. श्री रामसुंदर संस्कृत विश्वविद्यालय प्रतिष्ठान, लक्ष्मीनाथनगर, रमौली-बेलौन, वाया-बहेड़ा, जिला-दरभंगा, बिहार-847201 | 17986035 | 29727205 | 17867275 |
| हिमाचल प्रदेश | 13. एस.डी. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, दोघी, जिला। - ऊना, हिमाचल प्रदेश - 174307 | 24049193 | 34286056 | 20459490 |
| | 14. हिमाचल आदर्श संस्कृत महाविद्यालय जांगला (रोहरू), तह.-चिरगोन, जिला। शिमला, हिमाचल प्रदेश - 171214 | 21995976 | 30746377 | 18913362 |
| झारखंड | 15. लक्ष्मी देवी श्रॉफ आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हरिशरणम कुटीर, कालीराखा, जिला-बी. देवघर, झारखण्ड-814112 | 12265582 | 16576671 | 10633173 |
| कर्नाटक | 16. पूर्णप्रज्ञा संशोधन मंदिरम (आदर्श शोध संस्थान), डॉ. विश्वेशतीर्थ स्वामीजी मार्ग कतरीगुप्पा मेन रोड, बेंगलुरु, कर्नाटक - 560070। | 14497440 | 24460078 | 7702894 |
| महाराष्ट्र | 17. वैदिक शोधन मंडल (आदर्श संस्कृत शोध संस्थान), टी.एम.वी कॉलोनी, मुकुंदनगर, तिलक विद्यापीठ, गुलटेकाडी, पुणे, महाराष्ट्र-411037 | 4900469 | 15607810 | 7864872 |
| | 18. मुंबादेवी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय कुलपति मुंशी मार्ग, मुंबई, महाराष्ट्र-400007 | 7647546 | 14040750 | 6568915 |
| मणिपुर | 19. श्री राधा माधव आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, नम्बोल, मणिपुर-795134 | 8215552 | 5648028 | 5421636 |
| तमिलनाडु | 20. मद्रास संस्कृत कॉलेज और एस.एस.वी. पटसाला 84, रॉयपीठा हाई रोड, मायलापुर, | 21136024 | 23754307 | 20205959 |

| राज्य | ए.एस.एम./ए.एस.एस. का नाम | वित्त वर्ष **2022-23** | वित्त वर्ष **2023-24** | वित्त वर्ष **2024-25 (31.12.2024 तक)** |
|---|---|---|---|---|
| | चेन्नई, तमिलनाडु-600004 | | | |
| | 21. अहोबिला मुथ आदर्श संस्कृत महाविद्यालय 53, सन्निधि स्ट्रीट, मदुरंतकम, चेन्नई, तमिलनाडु-603306 | 13124076 | 13812207 | 11126844 |
| उत्तराखंड | 22. श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, डाकघर-गुरुकुल कांगड़ी, जिला-हरिद्वार, उत्तराखंड-249404 | 13546593 | 21145262 | 13673449 |
| पश्चिम बंगाल | 23. कालियाचक बिक्रम किशोर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, ग्राम-कालियाचक, पीओ-हेरिया, जिला-पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल -721430 | 23414851 | 33426508 | 21983607 |
| | 24. श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, 7/2ए पी.डब्लू.डी. रोड, कोलकाता - 700035 | 30085787 | 54379874 | 33301687 |
| तेलंगाना | 25. संस्कृत अकादमी, (आदर्श शोध संस्थान) उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना-500007 | 10793498 | 14638836 | 10797129 |
| राजस्थान | 26. श्रीमती लाड देवी शर्मा पंचोली आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, बरुन्दनी, दि.-माण्डलगढ़, जिला- भिलावाड़ा, राजस्थान-311604 | 14590952 | 18609424 | 16216604 |
| | कुल राशि | **434643139** | **633513462** | **399559885** |

*****